वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि मौजूदा विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) अगले साल 31 मार्च तक चलती रहेगी। सरकार ने इससे पहले कोविड-19 संकट के कारण एफटीपी 2015-20 को इस साल 30 सितंबर तक बढ़ा दिया था।

गोयल ने कहा कि सरकार की ओर से एकत्र किए गए हाल के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 185 अरब डॉलर का निर्यात किया है। फेडरेशन आफ एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा, '21 सितंबर तक निर्यात 185 अरब डॉलर पहुंच गया है। ये आंकड़े बहुत उत्साहजनक हैं और मैं निर्यातकों को इसके लिए बधाई देता हूं।' चालू वित्त वर्ष में निर्यात का लक्ष्य 400 अरब डॉलर रखा गया है।

मंत्री ने कहा कि मौजूदा एफटीपी 6 महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। एफटीपी में वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत दिशानिर्देश होते है, साथ ही इसमें घरेलू व वैश्विक बाधाएं दूर करने की कवायद की जाती है।

मौजूदा नीति 1 अप्रैल, 2015 में आई थी और यह 5 साल के लिए थी। बहरहाल नई एफटीपी टल गई और मौजूदा नीति को ही 31 मार्च, 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया, क्योंकि महामारी के कारण व्यवधान आया और देशव्यापी लॉकडाउन हुआ था।

इस साल की शुरुआत में इस नीति को दूसरी बार 30 सितंबर तक के लिए विस्तार दिया गया था। यह पहले की ही तरह किया गया और सरकार ने विभिन्न निर्यात संवर्धन योजनाओं के तहत मिल रहे प्रोत्साहनों को इस अवधि के लिए जारी रखा है।

मंत्री ने कहा, 'हम इसे आज शाम या कल अधिसूचित कर रहे हैं। हमने इस नीति को 31 मार्च तक बढ़ाने का फैसला किया है और नए वित्त वर्ष से हम नई नीति शुरू कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार को उम्मीद है कि कोविड-19 से संबंधित मसलों का समाधान तब तक हो जाएगा।

मार्च के अंत तक बीपीसीएल का विनिवेश

त्वेष मिश्र
नई दिल्ली, 27 सितंबर

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने आज कहा कि कंपनी का विनिवेश मार्च, 2022 तक पूरा किया जाना है।

कंपनी की सालाना आम बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने कहा, 'सरकार ने कई मंचों और मौकों पर कहा है कि वह इस वित्त वर्ष में सौदा पूरा करने को इच्छुक है, जिसका मतलब मार्च, 2022 से है। इस तरह से अब तक इस मामले में कही गई स्थिति मार्च तक विनिवेश करने की है।' वह बीपीसीएल की विनिवेश प्रक्रिया पूरी किए जाने संबंधी सवाल का जवाब दे रहे थे।

अगस्त, 2021 में निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा था कि सरकार ने एयर इंडिया और बीपीसीएल का निजीकरण इस साल पूरा करने की योजना बनाई है।

लेकिन सितंबर, 2021 के पहले सप्ताह में फिच रेटिंग ने कहा कि बीपीसीएल के निजीकरण में देरी हो सकती है। एजेंसी ने कहा, 'बोलीकर्ता इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन बोलीकर्ता के कंसोर्टियम और मूल्यांकन सहित प्रक्रिया की जटिलता की वजह से इस काम में देरी हो सकती है।'

हरकत में सरकार

- सरकार ने कई मंचों और मौकों पर कहा है कि वह इस वित्त वर्ष में सौदा पूरा करने को इच्छुक है
- दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा था कि सरकार ने एयर इंडिया और बीपीसीएल का निजीकरण इस साल पूरा करने की योजना बनाई है

बीपीसीएल की हिस्सेदारी खरीदने के लिए केंद्र सरकार की पेशकश पर वेदांत, अपोलो ग्लोबल और स्क्वार्ड कैपिटल ने दिलचस्पी दिखाई है। केंद्र सरकार की इस सार्वजनिक क्षेत्र की तेल शोधन इकाई में 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मौजूदा मूल्यांकन के हिसाब से संभावित खरीदार को सरकार की हिस्सेदारी खरीदने के लिए 50,000 करोड़ रुपये का भुगतान करना पड़ सकता है।

बीपीसीएल का डेटा रूम अप्रैल, 2021 में खोला गया था, जिससे बोलीकर्ता रिफाइनर के फाइनैंशियल डेटा पा सकें और इसका मूल्यांकन हो सके।

बीपीसीएल की हिस्सेदारी की बिक्री में इंद्रप्रस्थ गैल (आईजीएल) और पेट्रोनेट एलएनजी को लेकर भी स्पष्टता की जरूरत है।

इसके बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, 'हमने खुली पेशकश के लिए सेबी से छूट की मांग को लेकर लिखा है और अभी उनकी ओर से जवाब का इंतजार है। सेबी की प्रतिक्रिया के आधार पर दीपम, पेट्रोलियम मंत्रालय और सभी सरकारी निकाय यह फैसला करेंगे कि क्या किया जाना है। पीएलएल और आईजीएल के मसले पर अभी कुछ कहना जल्दबादी है। यह सभी सवाल खुली पेशकश के मसले से शुरू होंगे।'

बीपीसीएल अगस्त, 2021 से इस रुख पर कायम है। दीपम द्वारा कानूनी स्थिति के मूल्यांकन से पता चलता है कि बीपीसीएल का अधिग्रहण करने वाले को पेट्रोनेट एलएनजी और आईजीएल में 26 प्रतिशत शेयरों के अधिग्रहण के लिए अल्पांश हिस्सेदारों को खुली पेशकश करनी होगी। बीपीसीएल के नए मालिक पर इसका 19,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ सकता है। इस अतिरिक्त खर्च से बचने के लिए सेबी से छूट की मांग की गई है।

भारत गैस के रसोई गैस उपभोक्ताओं पर नजर

लागत को लेकर कुछ अधिकारों और हानि के बावजूद तेल क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यम रसोई गैस के दाम को लेकर केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करते हैं। बीपीसीएल का निजीकरण होने वाला है। ऐसे में संभावना है कि कंपनी का नया मालिक संभवतः केंद्र के दिशानिर्देशों को नहीं सुनेगा।

इसकी वजह से बीपीसीएल के रसोई गैस अनुभाग भारत गैस के उपभोक्ताओं के लिए चिंता की बात है। इनमें से तमाम ग्राहक ऐसे हैं जो पीएमयूवाई के तहत आते हैं, जो कीमतों को लेकर और ज्यादा संवेदनशील हैं।

इस सिलसिले में बीपीसीएल के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने बिज़नेस स्टैंडर्ड से कहा, 'बीपीसीएल के करीब 8.5 करोड़ उपभोक्ता हैं। इनमें से 2.1 करोड़ पीएमयूवाई के लाभार्थी हैं। हर किसी के दिमाग में है कि बीपीसीएल में क्या होने वाला है। एलपीजी ग्राहकों का आधार बहुत बड़ा है, जिसकी रक्षा करनी होगी। इसके मुताबिक व्यवस्था की जाएगी।'

इस मामले से जुड़े तेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'जो भी बीपीसीएल को खरीदेगा, उसे केंद्र सरकार द्वारा तय रसोई गैस की कीमतों का पालन करना होगा। घरेलू बाजार में भारत गैस का बड़ा हिस्सा है और ग्राहक कीमतों को लेकर संवेदनशील हैं।'

This is only an advertisement for information purpose and not for publication, distribution or release directly or indirectly outside India. This is not an announcement for the offer document. All capitalized terms not used and not defined herein shall have the same meaning as assigned to them in the letter of offer dated January 08, 2021 filed with the BSE Limited **("BSE")** and National Stock Exchange of India Limited **("NSE")**, (collectively regarded as **"Stock Exchanges"**) and the Securities and Exchange Board of India **("SEBI")**.

URJA GLOBAL LIMITED

Registered Office: 487/63, 1st Floor, National Market, Peeragarhi, New Delhi, - 110087, India
Telephone: +91 11 45588274/75;
Contact Person: Neha Shukla, Company Secretary and Compliance Officer;
E-mail: cs@urjaglobal.in; **Website:** www.urjaglobal.in
CIN: L67120DL1992PLC048983

FIRST CALL NOTICE TO THE HOLDERS OF PARTLY PAID-UP EQUITY SHARES OF URJA GLOBAL LIMITED AS ON THE RECORD DATE I.E. SEPTEMBER 23, 2021

In terms of the provisions of the Companies Act, 2013 ("Act"), read with the relevant rules made thereunder, the First Call notice has been issued in electronic mode to members whose e-mail address is registered with the Company or Depository Participant (s) as on the record date i.e. September 23, 2021, unless the members have registered their request for the hard copy of the same. Physical copy if the First Call notice along with the instructions and payment slip have been sent vide permitted modes of dispatch, at the registered addresses of those member: a) who have registered their e-mail address with the Company or Depository Participant (s); or b) who have specifically registered their request for the hard copy of the same. The Company has completed the dispatch on September 27, 2021

The Board of Directors of the Company at its meeting held on July 23, 2021 has approved making first call of ₹ 1.25 (consisting ₹ 0.25 towards face value and ₹ 1 towards securities premium) per Rights Equity Share. Further, the Rights Issue Committee on September 13, 2021, fixed the period of First Call from which call money will be payable i.e. Monday, October 04, 2021 to Monday, October 18, 2021, both days inclusive **(" First Call")**.

The Company has fixed Thursday, September 23, 2021 as the record date for the purpose of ascertaining the holders of Rights Equity Shares to whom the First Call notice **("Record Date")**, for payment of the First Call money, would be sent. The same was intimated to stock exchanges on September 13, 2021.

Accordingly, the first call notice has been served as per the details given below:

Payment Period	From	To	Duration
	October 04, 2021	October 18, 2021	15 days
Mode of Payment	a) **Online ASBA –** Through visiting the website of SCSBs* b) **Physical ASBA# –** By submitting physical application to designated branch of SCSBs* c) **Online –** Using the 3-in-1 online trading-demat-bank account provided by some brokers d) **Cheque/demand daft# –** Made payable to: (For Residential Shareholders) - Urja Global Limited Call Money- Escrow collection – R For Non Residential Shareholders) - Urja Global Limited Call Money- Escrow collection – NR e) **R-WAP –** Using the R-WAP facility at www.callmoney.alankit.com for residential shareholders		

** Please visit https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=34 to refer to the list of existing SCSBs.*
 # Please visit https://www.urjaglobal.in/FirstCall.html to download the Physical ASBA Application or Payment Slip.

In accordance with SEBI Circular no. SEBI/HO/CFO/DIL1/CIR/238/2020 dated December 08, 2020, shareholders can also make a call money payment by using facility of linked online trading-demat-bank account (3-in-1 type accounts) provided by some of the brokers. Shareholders must login into their demat account and choose the name of the company 'URJA GLOBAL LIMITED' and further click on the option to 'Make Call Money Payment' and proceed accordingly. Shareholders are requested to check with their respective brokers for exact process to be followed. Shareholders to note that this payment method can be used only if the concerned broker has made this facility available to their customer. The Company or the Registrar will not be responsible for non-availability of this payment method to the shareholders.

In case the shareholders opt to pay through cheque/demand, the payment slip (stating Full name of the Sole/First Joint Applicant, First Call Notice No., DP/Client ID No. must be presented at ICICI Bank Limited branches at the following locations on or before October 18, 2021:

For resident shareholder	**Agra -** ICICI Bank Ltd, No 6,8- 13,Ground Floor , Shanta Tower, Sanjay Place, Agra 282002; **Ahmedabad -** ICICI Bank Ltd, Jmc House, Opp. Parimal Gardens, Off C.G.RoadAmbawadi, Ahmedabad 380006; **Amritsar** - ICICI Bank Ltd, 361, M.C International The Mall Amritsar, Punjab 143001, **Bangalore -** ICICI Bank Ltd, 1, Shobha Pearl, Commissariat Road, Off M G Road, Ground Floor, Bangalore 560025; **Belgaum -** ICICI Bank Ltd, 14, Khanapur Road, Rpd Cross, Tilakwadi, Belgaum 590006; **Bharuch -** ICICI Bank Ltd, Blue Chip Sanitorium Compound, Sevashram Road, PanchBatti, Bharuch 392001; **Bhavnagar** - ICICI Bank Ltd, Plot No. 2569, Ground Floor, Ratnadeep Complex, Opp. Central Salt Research Institute, Waghawadi Road, Bhavnagar Gujarat 364002; **Bhopal -** ICICI Bank Ltd, Alankar Palace, Plot No.Ii, Zone Ii, M P Nagar, Bhopal, MP 462011; **Bhubaneswar -** ICICI Bank Ltd, Bhanjaprava Building, Opp. Sriya Talkies, Unit 3, Janpath, Bhubaneshwar 751001; **Chandigarh** - ICICI Bank Ltd, S.C.O., 9,10 11, Sector 9 D, Madhya Marg, Chandigarh 160017; **Chennai -** ICICI Bank Ltd, 110, Prakash Presidium, Utthamar Gandhi Salai, Nungambakkam High Road, Chennai 600034; **Ernakulam** - ICICI Bank Ltd, Emgee Square, M.G.Road, Ernakulam, Kochi 682035; **Coimbatore -** ICICI Bank Ltd, Cheran Plaza, No.1090 Trichy Road 641018; **Dehradun** - ICICI Bank Ltd, Ncr Plaza,24, New Cantt Road, Hathibarkala, Dehradun,Uttarakhand 248001; **Faridabad -** ICICI Bank Ltd, Booth No. 104105, District Centre, Sector 16, Faridabad, Haryana 121007; **Ghaziabad -** ICICI Bank Ltd, R1/88, Raj Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh 201001; **Guntur** - ICICI Bank Ltd, 5822, Pmg Complex, Lakshmipuram Main Road, Guntur Andhra Pradesh 522002; **Gurgaon** - ICICI Bank Ltd, Sco 18 19, Huda Shopping Centre, Sector14, Market Complex, Gurgaon, Haryana 122001; **Guwahati -** ICICI Bank Ltd, Ground Floor, Shanti Complex, G.S. Road, Bhangagarh, Guwahati 781005; **Hubli** - ICICI Bank Ltd, Eureka Junction, Travellers Bungalow Road, Hubli 580029; **Hyderabad -** ICICI Bank Ltd, 6-2-1012, Tgv Mansions, Opp. Institution Of Engineers, Khairatabad, Hyderabad 500004; **Hissar** - ICICI Bank Ltd, Plot No. 5760, Kamla Palace Road, Red Square Market, Hissar, Haryana 125001; **Indore -** ICICI Bank Ltd, 4,Chhoti Khajrani, MalavParisar, Indore 452008;**Jaipur** - ICICI Bank Ltd, C99, Shreeji Towers, Subhash Marg, Near Ahimsa Circle, C Scheme, Jaipur 302001; **Jamshedpur** - ICICI Bank Ltd, Natraj Mansion, Main Road, Bistupur, Jamshedpur Jharkhand 831001; **Jodhpur -** ICICI Bank Ltd, Plot No. 10,11, Refugee Colony Sindhi Colony, Near Jaljog Circle, Jodhpur 342003; **Kanpur** - ICICI Bank Ltd, 16/106, J.S.Towers, The Mall, Kanpur, Uttar Pradesh 208001; **Kolhapur** - ICICI Bank Ltd, Vasant Plaza, Near UdyogBhavan, Rajaram Road, Rajarampuri, Kolhapur 416001; **Kolkata** - ICICI Bank Ltd, 22, Sir R.N. Mukherjee Road, Kolkata 700001; **Lucknow -** ICICI Bank Ltd, Shalimar Tower, 31/54 M.G.Marg, Hazratganj, Lucknow 226001; **Ludhiyana -** ICICI Bank Ltd, Nehru SidhantKender Trust Building, Feroz Gandhi Market, Ludhiana, Punjab 141001; **Madurai -** ICICI Bank Ltd, No.21,22,23,North ChitraiStreet,Madurai 625001; **Mumbai -** ICICI Bank Ltd., 1st floor, 122, Mistry Bhavan, DinshawVachha Road, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai 400021; **Mysore -** ICICI Bank Ltd, 2950, Aishwarya Arcade, 9Th Cross, Kalidasa Road, V.V. Mohalla, Mysore 570002; **Nagpur -** ICICI Bank Ltd, Shriram Tower, Ground Floor, S V Patel Marg, Near NIT Building, Sadar 440001; Nashik - ICICI Bank Ltd, Unit NoG19, Utility Center, Opp To Rajiv Gandhi Bhavan, SharanpurRoad,Nasik 422002; **New Delhi -** ICICI Bank Ltd, 9A, Phelps Building, Connaught Place, New Delhi 110001; **Noida -** ICICI Bank Ltd, K1, Senior Mall, Sec18, Noida, Uttar Pradesh 201301; **Panaji -** ICICI Bank Ltd, 65, Sindur Business Centre, Swami Vivekanada Road, Opp. Passport Office, Panaji Goa 403001; **Pondicherry -** ICICI Bank Ltd, 49 Mission Street, Pondicherry 605001; **Pune -** ICICI Bank Ltd, A Wing Shangrila Gardens Bund Garden Road Pune 411001; **Rajkot** - ICICI Bank Ltd, Jai Hind Press Annexe, Opp. Shardabaug, Near Dharam Cinema, Rajkot 360001; **Ranchi -** ICICI Bank Ltd, Main Road, Near Rattanlal Petrol Pump, Ranchi, Jharkhand 834001; **Salem** - ICICI Bank Ltd, Swarnambigai Plaza, S.F.No. 6/5, Block No. 7, Ward C, Omalur Main Road, Near Bus Stand, Salem, Tamilnadu 636009; **Surat -** ICICI Bank Ltd, Platinum Plaza, Opp. V.T. Choksi Law College, Athwalines, Surat 395007; **Trichy** - ICICI Bank Ltd, New no - 58, West Bouleward Road, Sivapoorna complex, Trichy-620002; Vadodara - ICICI Bank Ltd, 42, Haribhakti Society, Nr. Chakli Circle, O.P. Road, Vadodara 390007; **Vijayawada** - ICICI Bank Ltd, #401127,128 129, Murali Chambers, M.G.Road, Vijayawada 520010; **Vishakhapatnam** - ICICI Bank Ltd, 47-14-18, Isnar Satya Sri Complex, Dwarkanagar Main Road, Visakhapatnam 530016
For non-resident shareholder	**Mumbai** - ICICI Bank Ltd., 1st floor, 122, Mistry Bhavan, Dinshaw Vachha Road, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai 400021

There will be no trading of the ₹0.25 partly paid up equity shares of the Company (ISIN: IN9550C01010) on the stock exchanges with effect from September 22, 2021 on account of the First Call. Trading of ₹ 0.50 partly paid up equity shares of the Company under a new ISIN is expected to commence within a period of 2-3 weeks from the last date of making payment of the First Call.

All correspondence in this regard may be addressed to **ALANKIT ASSIGNMENTS LIMITED,** Alankit House, 4E/2,Jhandewalan Extension, New Delhi, 110055, **Tel:** 011-42541955, **Email:** urjarights@alankit.com,**Website:** www.alankit.com,**Contact Person:** Abhinav Kumar Agrawal.

For Urja Global Limited
Sd/-
Neha Shukla
Company Secretary & Compliance Officer

Date: September 27, 2021

बीएस बातचीत

विक्रेताओं के लिए बेहतर साबित होगी दीवाली सेल

एमेजॉन इंडिया के वाइस प्रेसीडेंट **मनीष तिवारी** का कहना है कि कोविड-19 ने ई-कॉमर्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटलीकरण को रफ्तार दी है। एमेजॉन इंडिया 3 अक्टूबर से द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ) शुरू करने जा रही है। **पीरजादा अबरार** से बातचीत में तिवारी ने कहा कि इस साल 8,50,000 से ज्यादा विक्रेता ग्राहकों को अपने उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं। मुख्य अंश...

जीआईएफ-2021 के लिए किस तरह की तैयारियां चल रही हैं?

पिछले 18 महीनों में महामारी की वजह से ऑफलाइन कारोबार करने वालों की ऑनलाइन में दिलचस्पी बढ़ी है। अब हमारे 8,50,000 से ज्यादा विक्रेता हैं, जिनमें से 3 लाख पिछले 18 महीने में जुड़े हैं। विक्रेता अब एमेजॉन ऐप का इस्तेमाल अंग्रेजी ही नहीं बल्कि हिंदी और दक्षिण भारतीय भाषाओं जैसे बंगाली, मराठी और गुजराती में भी कर रहे हैं। हमने फरवरी, 2020 में लोकल शॉप्स आन एमेजॉन कार्यक्रम शुरू किया। उस समय वह प्रायोगिक योजना थी। लेकिन महामारी के कारण हमने इसमें लोगों की व्यापक दिलचस्पी देखी है। इस दीवाली में 450 शहरों में हमारे 75,000 लोकल स्टोर्स होंगे, जो ऑनलाइन बिक्री करेंगे।

महामारी के कारण इस व्यापक बिक्री योजना में किस तरह की चुनौतियां आई हैं?

निश्चित रूप से लाखों ग्राहकों के जुड़ने से तकनीकी की उन्नयन की चुनौती थी। दूसरा भंडारण की जगह का मसला था। इस दीवाली में एमेजॉन की देश में भंडारण क्षमता 4.3 करोड़ घनफुट से ज्यादा है।

इस साल जीआईएफ से क्या उम्मीदें हैं?

हमारा ध्यान ग्राहकों और विक्रेताओं पर है। हमने सर्वे किया है, जिससे पता चलता है कि ज्यादा विक्रेता तकनीक का इस्तेमाल कर ऑनलाइन बिक्री में रुचि दिखा रहे हैं। इनमें से 90 प्रतिशत इस साल बिक्री बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इनमें से 40 प्रतिशत का कहना है कि बिक्री 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ेगी। हम विक्रेताओं के लिए बुनियादी सुविधाएं बढ़ा रहे हैं।

पिछले साल से इस साल का इवेंट अलग कैसे है?

बड़ा अंतर यह है कि इस साल 75,000 लोकल स्टोर्स जुड़े हैं। मैं इस तरह के कारोबार को लेकर उत्साहित हूं। हमने पिछले साल से सीख ली है और हम छोटे व मझोले कारोबारियों से खरीद पर विशेष प्रोत्साहन दे रहे हैं।

ज्यादा ग्राहकों और विक्रेताओं को जोड़ने के लिए क्या कर रहे हैं?

हमारा इरादा उत्पादों की गुणवत्ता की वजह से पूर्वोत्तर से 50,000 विक्रेताओं को जोड़ने का है। सामान्यतया उन्हें भौतिक खुदरा बिक्री में देश में जगह नहीं मिल पाती। हमने इसके लिए विभिन्न मॉडल के फुलफिलमेंट बनाए हैं। आज विक्रेता के रूप में आप घर से बिक्री कर सकते हैं और हम वह सामान उस जगह से उठा सकते हैं। आप हमारे गोदामों का इस्तेमाल करके भी अपने माल की बिक्री कर सकते हैं। हमारे पास कई मॉडल हैं और यह इस पर निर्भर करता है कि विक्रेता किस मॉडल को प्राथमिकता देता है, जिसे हम पूरी कर सकते हैं। स्थानीय स्टोर (एमेजॉन के) यह फैसला कर सकते हैं कि वस्तुओं की डिलिवरी वे किस तरह करेंगे। अगर वे पेशेवर डिलिवरी (लोगों से) चाहते हैं तो हम ऐसा भी करेंगे।

ज्यादातर कामगारों को मिला पूरा वेतन

निकुंज ओहरी और इंदिवजल धस्माना
नई दिल्ली, 27 सितंबर

पहले संशोधित तिमाही रोजगार सर्वे (क्यूईएस) से पता चलता है कि 25 मार्च से 30 जून, 2020 के दौरान कोविड-19 की पहली लहर के कारण की गई देशबंदी में 9 संगठित गैर कृषि क्षेत्रों ने अपने 81 प्रतिशत कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया, जबकि 27 प्रतिशत प्रतिष्ठानों ने नौकरियों में कटौती की।

सोमवार को जारी किए गए सर्वे से पता चलता है कि 69.5 प्रतिशत प्रतिष्ठानों ने देशबंदी की घोषणा के पहले दिन 25 मार्च की तुलना में 1 जुलाई, 2020 को तमाम लोगों की भर्तियां की। इस दौरान करीब 4 प्रतिशत प्रतिष्ठानों ने इस अवधि के दौरान भर्तियां बढ़ाईं।

इससे पता चलता है कि 16 प्रतिशत कर्मचारियों को घटा हुआ वेतन मिला और करीब 3 प्रतिशत लोगों को इस दौरान वेतन नहीं दिया गया। इक्रा में मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, 'लॉकडाउन के दौरान रोजगार को हुए नुकसान और घटा वेतन मिलने या वेतन नहीं मिलने की वजह से कुल मिलाकर अनिश्चितता बढ़ी और इसकी वजह से वित्त वर्ष 21 की पहली तिमाही में खपत में गिरावट आई।'

सकल घरेलू उत्पाद पर आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक निजी अंतिम खपत व्यय, जिससे अर्थव्यवस्था में मांग का पता चलता है, इस अवधि के दौरान 26 प्रतिशत कम हुआ।

वेतन कटौती पर श्रम ब्यूरो का आकलन

क्षेत्र	पूर्ण वेतन	वेतन में कटौती	कोई वेतन नही
विनिर्माण	76.1	20.2	3.7
निर्माण	66	27.2	6.7
परिवहन	74.2	21.9	3.9
शिक्षा	86.6	10.1	3.3
स्वास्थ्य	90.7	9.1	0.2
आवास और रेस्टोरेंट	66.2	28.8	4.9
आईटी/बीपीओ	85.8	12.7	1.5
वित्त सेवाएं	90.4	9.1	0.5
कुल	80.7	16.6	2.7

स्रोतः श्रम कार्यालय द्वारा पहला संशोधित त्रैमासिक रोजगार सर्वेक्षण

छूट की सूची की समीक्षा के लिए समिति

वित्त मंत्रालय ने करों के मौजूदा स्लैब और जीएसटी से छूट वाली वस्तुओं की समीक्षा करने, कर चोरी के स्रोतों की पहचान करने और आयकर प्रणालियों में बदलाव का सुझाव देने के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों की दो समितियां गठित की हैं। दर युक्तिकरण संबंधी मंत्रियों का समूह (जीओएम) उल्टी शुल्क संरचना की समीक्षा करेगा और कर की दरों के स्लैब के विलय सहित युक्तिकरण उपायों की सिफारिश करेगा।

सात सदस्यीय समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई इसके अध्यक्ष होंगे और इसमें पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा, केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल, बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद सहित अन्य शामिल होंगे।

भाषा

बीएस सूडोकू 4163

		8	7		2			
	4			5		7	9	6
3					9			8
6			9		5			
2			4	3		5	8	9
5	9		8	7	1	6		3
				8	3	9	5	7
7	5	6					3	
8								

परिणाम संख्या 4162

4	1	6	8	2	3	7	9	5
2	7	9	5	6	4	1	3	8
3	5	8	9	1	7	2	6	4
5	8	4	3	7	1	9	2	6
9	6	1	4	8	2	5	7	3
7	3	2	6	9	5	4	8	1
6	4	7	2	5	8	3	1	9
8	2	5	1	3	9	6	4	7
1	9	3	7	4	6	8	5	2

कैसे खेलें?
हर, रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

मध्यम ★★★☆☆

क्षेत्रीय मंडियों के भाव

दिल्ली | उत्तर प्रदेश | पंजाब

दिल्ली

दिल्ली सराफा बाजार में सोमवार को सोना 35 रुपये की मामूली बढ़त के साथ 45,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 45,075 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत आज के कारोबार में 383 रुपये चढ़कर 59,138 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 58,755 रुपये प्रति किलो के भाव पर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,755 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी 22.60 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही।

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

लखनऊ

गेहूं दड़ा 1870/1875, गेहूं शरबती 2750/2850, चावल शरबती सेला 3850/3900, स्टीम 4750/4800, लालमती 3600/3700, चावल (सोना) 3400/3450, दाल अरहर सवा नं. 8300/8400, पटका 9200/9600, रिजैक्शन 6800/7000, चना दाल 6250/6450, चना देशी छना 6200/6300, चना चापा छना 6350/6450, एग्रो प्योर बेसन 2530, मटर विदेशी 7400/7500, उड़द साबुत (काला)7800/8600, दाल उड़द (काली) 8000/9200, उड़द धोया 8800/10000, मसूर छोटी 7500/8000, मलका 8800/9200, किरानाः जीरा 15000/16700, लालमिर्च गुंटूर 15000/20000, हल्दी निजाम फली (50 किलो) 4600/5150, धनिया एमपी 8100/11400, छोटी इलायची (किलो) 1200/1700, बड़ी इलायची 725/790, कालीमिर्च (किलो) 455/565, सुपारी (किलो) 450/490, सौंफ मोटी 8400/11000, मंगरैल 21000/22000, चिरौंजी (किलो) 1100/1200, मखाना 480/670

कानपुर

गेहूं लूज 1935/1940, जौ 1740/1750, चावल मसूरी 2275/2300, चावल मोटा 2200/2225, देशी चना 5500/5525, चना छना 6150/6250, दाल चना 6200/6400, विदेशी मटर ×, पिचकी 4950/5000, मटर दाल 7400/7700,अरहर लेमन 6700/6800, दाल अरहर 8700/10100, स्पेशल 8200/8300,उड़द एसक्यू 8450/8550, एफएक्यू 7400/7500, राजमा चित्रा 11500/14000, मूंग 6500/6800, मसूर छोटी 7900/8000, छांटी 8900/9100, सरसों 8100/8200, तिल सफेद 9900/10000, सोया (टीन) 2400/2450, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन) 2625/2725, सरसों खल 3200/3325, पामोलिन 2300/2400, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 2150/2250, मधुसूदन देशी घी 5900, वासुदेव 5700, परम प्रीमियम 5900, पदम श्री 5800, लीलाधर 5800, अलसी 8000/8100, धनियाः लोकल 7900/8000, राजस्थान 8700/8900, बढ़िया 9700/10500, हल्दी 8200/8600, जीरा 14800/17200, अजवायन 14800/18500, मेथी 8000/8500, मखाना 520/750, कालीमिर्च (किलो) 455/530, लालमिर्च (किलो) तेजा 185/225, (334) न. 155/165, सुपारी (किलो) केरल 480/510, कर्नाटक चिकनी 490/505, गोला 22000/23000

चंदौसी

(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1098, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.)1108, फ्लैक 1072, डीएमओ 841, टरपीन लैस बोल्ड 1122

मुजफ्फरनगर

गुड़ (40 किलो): चाकू (कोल्ड) 1380/1400, रसकट 1100/1110, चीनी मिल डिली. (क्विं.) (जीएसटी अतिरिक्त): खतौली 3810, सिहोरा 3730, देवबंद 3725, थाना भवन 3730, बुढ़ाना 3750, शामली 3740, चीनी हाजिर 3975/4075

हापुड़

अनाज-दालः गेहूं 2000/2010, चावल परमल 2300/2400, डुप्लीकेट बासमती सेला 5800/5900, बासमती 1121 स्टीम 6600/6700, चना 5800/5900, चनादाल 6200/6400, काबली चना 8000/9800, राजमा देशी चित्रा 12500/13500, मटर 6000/6200, मटर दाल 6600/6700, अरहर लेमन 6750/6850, दाल अरहर 8800/9800, मसूर 8000/8300, उड़द देसी 7200/7500, दाल उड़द 8500/9500, धोया 8700/9500, मूंग यूपी 6100/6400, मूंग दाल 8800/10000, गुड़-चीनीः चीनी हाजिर 3925/4025, गुड़ (प्रति 40 किलो) बाल्टी 1300/1330, तिलहनः सरसों (42 प्रतिशत कंडी.) 8400/8450, चना छिलका 2250/2300, चोकर मोटा (34 किलो) 630/635

खन्ना

जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)170, राइसब्रान (अखाद्य) 165, खल सरसों 3250, अनाजः गेहूं 2000/2040, मक्की बिहार 1920/1960

एनएनएस